पण्डित सुन्दरलाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय छत्तीसगढ़

कोनी – बिरकोना मार्ग, बिलासपुर (छ,ग,) 495009 दूरभाष क्रमांक : (07752 – 240712)
(छ,ग, शासन के अधिनियम क्रमांक 26 सन् 2004 द्वारा स्थापित)
www.pssou.ac.in E-mail-registar@pssou.ac.in

दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी

(06- 07 अक्टूबर, 2018)

शिक्षा विभाग एवं समाजशास्त्र विभाग, पण्डित सुन्दरलाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय, छत्तीसगढ़ बिलासपुर द्वारा विश्वविद्यालय में दिनांक 06- 07 अक्टूबर, 2018 को ***"भारत में सामाजिक भेदभाव: स्वरूप, कारण एवं निवारण"*** विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। आयोजन समिति के मुख्य संरक्षक माननीय कुलपति डॉ. बंश गोपाल सिंह, सह-संरक्षक कुलसचिव डॉ. राजकुमार सचदेव, संयोजक डॉ. बीना सिंह, विभागाध्यक्ष शिक्षा विभाग, संयुक्त संयोजक डॉ. संजीव कुमार लावानियाँ, विभागाध्यक्ष, समाजशास्त्र विभाग तथा आयोजन सचिव डॉ. अनिता सिंह, सहायक प्राध्यापक, शिक्षा विभाग थे। संगोष्ठी में विभिन्न वक्ता, प्राध्यापक, शिक्षक, शोधार्थी तथा विद्यार्थियों सहित कुल 100 से अधिक प्रतिभागियों ने अपनी सहभागिता दर्ज की। संगोष्ठी के माध्यम से विभिन्न वक्ताओं ने भारत में सामाजिक भेदभाव: स्वरूप, कारण एवं निवारण के बारे में अपने-अपने विचार प्रस्तुत किये। इसके साथ ही संगोष्ठी में विभिन्न सत्रों का आयोजन किया गया जिसमें प्रतिभागियों ने शोध पत्रों का वाचन किया।

04.9.21

संयोजक